**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 12.11.2025 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज दोपहर बाद तीन बजे से होगी राज्य कैबिनेट की बैठक, पेसा नियमावली समेत कई प्रस्तावों को मिल सकती है मंजूरी।**
2. **झारखंड रजत जयंती समारोह के दूसरे दिन आज से शुरु हुआ राज्यव्यापी रक्तदान अभियान, स्ट्रीट डांस के जरिये दिखी झारखंडी परंपरा और संस्कृति की झलक।**
3. **दिल्ली में हुए विस्फोट के बाद रांची एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा जांच तेज, संदिग्ध गतिविधियों पर रखी जा रही है कड़ी निगरानी।**
4. **पूर्वी सिंहभूम जिले के सरमंदा स्थित पत्थर खदान में बड़ा हादसा, वाहन पलटने से मौके पर ही दो मजदूरों की मौत।**
5. **राज्य के कई हिस्से शीतलहर की चपेट में, गुमला, लोहरदगा और खूंटी में तापमान 10 डिग्री के नीचे पहुंचा।**

***************************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज राज्य कैबिनेट की बैठक होगी। यह बैठक दोपहर तीन बजे से प्रोजेक्ट भवन में बुलाई गयी। बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े कई प्रस्तावों को मंजूरी मिल सकती है। सूत्रों के अनुसार कैबिनेट की बैठक में पेसा नियमावली का प्रस्ताव भी लाया जा सकता है। पिछले दिनों हाईकोर्ट में पेसा नियमावली मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने समय देने का आग्रह किया था। हाईकोर्ट ने कल तक का समय दिया है। ग्रामीण विकास विभाग ने पेसा नियमावली का प्रस्ताव कैबिनेट को भेज भी दिया है।

***************************

झारखंड रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में आज राज्यभर में सड़कों पर पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर झारखंडी संस्कृति का प्रदर्शन किया गया।
हजारीबाग में सड़कों पर स्थानीय कलाकार और आमलोग नाचते गाते दिखे। इस दौरान एक दर्जन से अधिक झांकियां निकाली गयीं। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने किया। इस आयोजन को लेकर कलाकारों में खासा उत्साह देखा गया।

***************************

उधर, सिमडेगा जिले में भी आज परमवीर अल्बर्ट स्टेडियम में सुबह ए झारखंड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान रंगोली प्रतियोगिता में लोगों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। मौके पर पारंपरिक नृत्य भी प्रस्तुत किया गया जिसमें उपायुक्त कंचन सिंह ने भी भाग लिया।

***************************

उपराजधानी दुमका में भी झारखंड रजत जयंती उत्सव के तहत आज स्ट्रीट डांस का आयोजन किया गया। संताल नर्तक दल ने आंबेडकर चौक पर खूबसूरत नृत्य की प्रस्तुति दी।

***************************

राज्य स्थापना की रजत जयंती पर आज राज्यव्यापी रक्तदान अभियान की भी शुरुआत हुई। रांची के प्रोजेक्ट भवन में अधिकारियों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर अभियान का शुभारंभ किया। राज्य के अन्य जिलों में भी रक्तदान शिविर आयोजित किये गये। साहिबगंज सदर अस्पताल में आज आईएमए और सदर अस्पताल प्रबंधन की ओर से रक्त संग्रह किया गया। इसमें जिले के पदाधिकारियों समेत चौकीदारों और समाज के बुद्धिजीवियों ने भाग लिया।

***************************

गिरिडीह में डुमरी पथ पर बराकर नदी के किनारे 10 करोड़ रुपए की लागत से 90 हेक्टेयर भूमि पर जैव विविधता पार्क का निर्माण कार्य तेज कर दिया गया है। डीएफओ मनीष तिवारी ने बताया कि इस पार्क में लोगों को कई प्रजातियों के पेड़ –पौधे और फूल– फल यहां देखने को मिलेंगे।

***************************

दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए विस्फोट बाद रांची एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा जांच तेज कर दी गयी है। रांची और हटिया स्टेशन आने जाने वाले यात्रियों की बारीकी से जांच की जा रही है। ट्रेनों पर भी खुफिया नजर रखी जा रही है। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट को भी अलर्ट पर रखा गया है।

***************************

इस बीच ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी के निर्देश पर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर एयरपोर्ट सुरक्षा समिति की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एयरपोर्ट निदेशक विनोद कुमार ने की। बैठक में सीआईएसएफ, एयरलाइंस, राज्य पुलिस तथा अन्य संबंधित एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई और नए उपाय लागू किए गए।

***************************

पूरा देश राष्ट्र–गीत वंदे मातरम की रचना के 150वें वर्ष का उत्सव मना रहा है। इस गीत ने भारतीयों के कई पीढ़ियों को एकजुट रहने और राष्ट्रीय भावना से गौरवान्वित होने के लिए प्रेरित किया। प्रस्तुत है वंदे मातरम के सबसे लोकप्रिय और मान्यता प्राप्त संस्करण राग देश पर

***************************

पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका थाना क्षेत्र के सरमंदा स्थित पत्थर खदान में खनन के दौरान एक हाईवा वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इससे दो मजदूरों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान शुभोजित गोप और टुकलू सरदार के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार खनन कार्य समाप्त होने के बाद हाईवा में बोल्डर लोड कर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान यह हादसा हुआ। सूचना मिलते ही पोटका थाना की पुलिस दल–बल के साथ घटना स्थल पर पहुंची और दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम अस्पताल,भेज दिया।

****************************

सरायकेला–खरसांवा जिले में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना युवाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं

****************************

बेंचमार्क घरेलू शेयर सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी आज सुबह के कारोबार में लगभग शून्य दशमलव आठ प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। ताज़ा रिपोर्ट आने तक सेंसेक्स 687 अंक बढ़कर 84 हजार 559 पर और निफ्टी 202 अंक बढ़कर 25 हजार 897 पर पहुंच गया।

****************************

रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 16 हजार 400 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 64 हजार रुपये प्रति किलो है।

****************************

राज्य के कई हिस्से शीतलहर की चपेट में आ गये हैं। इस कारण ठंड और कनकनी बढ़ गयी है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के पश्चिमी भाग में शीतलहर से अगले दो दिनों तक राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग ने बताया कि गुमला, लोहरदगा और खूंटी में तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के नीचे पहुंच गया है। रांची और आसपास के क्षेत्रों में भी ठंड की स्थिति बनी हुई है। पिछले 24 घंटे में रांची का न्यूनतम तापमान करीब ढाई डिग्री तक लुढ़क गया है।

***********समाप्त***********